सं0–368/IV-श0वि0–07–50(सा0)/06

प्रेषक,

शत्रुघ्न सिंह,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
शहरी विकास विभाग,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

शहरी विकास अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांक– 31 अक्टूबर, 2007

विषय : नगर पंचायत, लंढौरा के अन्तर्गत अवस्थापना विकास निधि से वित्तीय वर्ष–2006–07 में स्वीकृत कार्यों की अवशेष धनराशि की चालू वित्तीय वर्ष 2007–08 में स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश सं0 692/V-श0वि0–06–50(सा0)/06, दिनांक 25–3–06 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **नगर पंचायत, लंढौरा जनपद हरिद्वार** के अन्तर्गत छः कार्यों हेतु रू0–121.08 लाख की लागत के आगणन के विपरीत रू0–121.00 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए रू0 49.58 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। इस सम्बन्ध में आपके पत्र सं0 1932/श.वि.नि.–485–2005/लेखा /07–08 दिनांक 07 अगस्त 2007 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त अवमुक्त धनराशि के उपयोग के उपरांत, शासनादेश दिनांक 25–3–06 के माध्यम से स्वीकृत कार्यों हेतु **रू. 40.00 लाख (रूपये चालीस लाख मात्र)** की द्वितीय किश्त की धनराशि व्यय हेतु आपके निवर्तन पर निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

1. उक्त धनराशि आपके द्वारा आहरित कर सम्बधित नगर पंचायत को उपलब्ध करायी जायेगी जो कार्यदायी संस्थाओ को बैंक ड्राफ्ट अथवा चैक के माध्यम से अन्य शर्तें पूर्ण करने पर अवमुक्त करेंगे।
2. शासनादेश सं0 692/V-श0वि0–06–50(सा0)/06, दिनांक 25–3–06 में उल्लिखित अन्य शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
3. सम्बन्धित कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य निर्धारित अवधि के अन्तर्गत पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा और किसी भी दशा में पुनरीक्षित आगणनों पर स्वीकृति प्रदान नहीं की जायेगी।
4. सभी निर्माण कार्य समय–समय पर गुणवत्ता एवं मानको के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों के अनुरूप कराये जायेगें तथा यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों को पूर्ण नहीं करते है तो सम्बन्धित संस्था को अग्रेत्तर धनराशि उक्त मानकों को पूर्ण करने पर निर्गत की जायेगी।
5. स्वीकृत धनराशि का इसी वित्तीय वर्ष में उपयोग करते हुए कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण तथा उपयोगिता प्रमाणपत्र शासन को उपलब्ध करा दिया जाये।
6. कार्यों की समयबद्धता एवं गुणवत्ता हेतु सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता/अधिशासी अधिकारी पूर्णरूप से उत्तरदायी होंगे।
7. निर्माण कार्य पर प्रयोग किये जाने वाली सामग्री का नमूना परीक्षण अवश्य करा लिया जाये तथा उपयुक्त पायी गयी सामग्री का ही प्रयोग निर्माण कार्य में किया जाये।
8. मुख्य सचिव महोदय, उत्तरांचल शासन के शासनोदश संख्या 2047/XIV-219/2006 दिनांक 30मई, 2006 के द्वारा निर्गत आदेशों के क्रम में कार्य कराते समय अथवा आगणन गठित करते समय का कडाई से पालन किया जाए।
9. स्वीकृत की जा रही धनराशि का दिनांक 31.3.2008 तक पूर्ण उपयोग कर कार्य की वित्तीय /भैतिक प्रगति का विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण–पत्र भी उपलब्ध करा दिया जायेगा, आगामी किश्त तब ही अवमुक्त की जायेगी जब उक्त विवरण शासन को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

2– उक्त के संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2007–08 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या 13 के आयोजनागत पक्ष के लेखाशीर्षक "2217–शहरी विकास–03– छोटे तथा मध्यम श्रेणी के नगरों का समेकित विकास–आयोजनागत–191–स्थानीय निकायों, निगमों, शहरी विकास प्राधिकरणों, नगर सुधार बोर्डों को सहायता–03–नगरों का समेकित विकास–05– नगरीय अवस्थापना सुविधाओं का विकास" के मानक मद '20 सहायक अनुदान/अंशदान/ राज सहायता' के नामे डाला जायेगा।

G O Balance

3– यह आदेश वित्त विभाग के अशा0सं0– 483/XXVII(2)/2007, दिनांक– 08 अक्टूबर, 2007 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(शत्रुघ्न सिंह)
सचिव।

सं0–368(1)/V-श0वि0–07,तद्दिनांक। 31/10/07

प्रतिलिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी प्रथम) उत्तराखण्ड , देहरादून।
2. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी/नगर विकास मंत्री जी।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन।
4. आयुक्त, कुमाऊं मण्डल, नैनीताल।
5. जिलाधिकारी, हरिद्वार।
6. वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
7. वित्त अनुभाग–2/वित्त नियोजन प्रकोष्ठ, बजट अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन।
8. निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून, को इस अनुरोध के साथ कि नगर विकास के जी0ओ0 में इसे शामिल करें।
9. अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, लंढौरा।
10. बजट राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय, सचिवालय परिसर, देहरादून।
11. गार्ड बुक ।

आज्ञा से,

(मायावती ढकरियाल)
अनु सचिव।